epaper
हिन्दुस्तान

# देश का औद्योगिक उत्पादन जनवरी में 1.3 प्रतिशत बढ़ा

12/03/2022

**महिलाओं को सशक्त बना रहा माइक्रोफाइनेंस**

**लखनऊ।** महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में माइक्रोफाइनेंस कम्पनी अहम भूमिका निभा रही है। यूपी के मानवा, फिटकारी गांव की सरोज को इस कम्पनी ने ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाया। ऐसी ही कई महिलाओं के उदाहरण माइक्रोफाइनेंस कम्पनी के पास है। सरोज को ऐसे समय में मदद मिली जब उनके घर की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी। कम्पनी का दावा है कि 10 करोड़ लोग उनकी कम्पनी से फायदा उठा चुके हैं। प्रधानमंत्री की मुद्रा योजना के तहत फाइनेंस कम्पनी यह सुविधा दे रही है।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जनवरी 2022 में औद्योगिक उत्पादन सालाना आधार पर 1.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। शुक्रवार को सरकारी आंकड़ों में बताया गया कि यह वृद्धि मुख्य रूप से खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन के कारण हुई है।

जनवरी 2021 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2021 में खनन क्षेत्र में 2.4 प्रतिशत की दर्ज की गई गिरावट के मुकाबले जनवरी 2022 में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विनिर्माण क्षेत्र में जनवरी 2022 के दौरान 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी महीने इसमें 0.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक हालांकि, बिजली उत्पादन में जनवरी 2022 में 0.9 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि जनवरी 2021 में 5.5 प्रतिशत का विस्तार हुआ था।

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में, आईआईपी की वृद्धि दर 13.7 प्रतिशत रही, जबकि वर्ष 2020-21 की समान अवधि में इसमें 12 प्रतिशत की गिरावट आई थी।